भारतीय मानक ब्यूरो पटना शाखा कार्यालय, पाटलिपुत्र औद्योगिक प्रांगण, पटना - 800 013
BUREAU OF INDIAN STANDARDS Patna Branch Office, Patliputra Industrial Estate, Patna - 800013
e-mail : pbo@bis.org.in, pbo.bis@nic.in & hpbo.bis@nic.in

दूरभाष / Phones 2262808, 2271625 फैक्स / Fax +91-612-2275342 तार / Grams : मानकसंस्था / Manaksanstha

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक - 13/07/2017

**भारतीय मानक ब्यूरो के पटना शाखा कार्यालय** को सूचना मिली थी कि मुज्जफरपुर में कुछ पैकेजबंद पेयजल निर्माता भारतीय मानक ब्यूरो से बिना लाइसेंस प्राप्त किए अवैध रूप से पैकेजबंद पेयजल का निर्माण एवं बेच रहे हैं ।

इस आधार पर कार्यालय प्रमुख द्वारा एक विशेष छापेमारी दस्ता का गठन किया गया एवं तलाशी एवं जब्ती अभियान हेतु दिनांक 13/07/2017 को दस्ते दल को भेजा गया । छापेमारी के दौरान मेसर्स जे के एक्वा इण्डस्ट्रीज, बनारस बैंक चौक, मुज्जफरपुर द्वारा पैकेजबंद पेयजल पर भारतीय मानक ब्यूरो के आईएसआई मार्क का दुरुपयोग करते हुए पाया गया ।

छापेमारी के दौरान उपरोक्त फर्म के पास भारी मात्रा में अवैध रूप से निर्मित आईएसआई मार्क पैकेजबंद पेयजल पाया गया जिसको दस्ते दल ने जब्त एवं सील किया ।

अवैध रूप से निर्मित पैकेजंबद पेयजल का नमूना दस्ते दल ने जब्त एवं सील कर अपने पास सबूत के तौर पर रखा ।

भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम 1986 के नियमों के तहत आइएसआई मार्क के दुरुपयोग पाए जाने पर तथा इसकी कोर्ट की सत्यापन होने के बाद रु. 50000/- की जुर्माना या उत्पादनकर्ता को एक वर्ष की सजा या दोनों दिया जा सकता है । भारतीय मानक ब्यूरो उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने में इस तरह का अभियान गुप्त सूचना के आधार पर, अपने सौजन्य से एवं अन्य आधार पर करता रहता है । उक्त फर्म के विरुद्ध भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है ।

(केसीएस बिष्ट)
वैज्ञानिक 'एफ' एवं प्रमुख